# भारतीय जनता पार्टी

(केंद्रीय कार्यालय)
6ए, दीनदयाल उपाध्याय मार्ग, नई दिल्ली

11 मई 2024, शनिवार

## केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री और भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता श्री अमित शाह की हैदराबाद, तेलंगाना में आयोजित प्रेसवार्ता के मुख्य बिंदु

**मोदी जी 2029 तक ही नहीं, उससे आगे भी भाजपा और देश का नेतृत्व करते रहेंगे**

****************

**केजरीवाल सिर्फ चुनाव प्रचार के लिए जेल से बाहर हैं, 2 जून को वो फिर से जेल में होंगे**

****************

**भाजपा दक्षिण भारत में सबसे बड़ी पार्टी बनकर उभरेगी**

****************

**मोदी जी ने देश में ऐसी पहली सरकार चलाई है, जो 92% वादों को पूरा करके चुनाव में जा रही है**

****************

माननीय केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री और भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता श्री अमित शाह ने आज शनिवार को हैदराबाद में एक महत्वपूर्ण प्रेस वार्ता को संबोधित किया और कांग्रेस और बीआरएस की भ्रष्टाचार एवं तुष्टिकरण की राजनीति पर जमकर हमला बोला। साथ ही, श्री शाह ने आदरणीय प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी के नेतृत्व में किए गए विकास कार्यों को भी रेखांकित किया। इस प्रेस वार्ता में तेलंगाना प्रदेश अध्यक्ष श्री जी किशन रेड्डी सहित अन्य नेतागण उपस्थित रहे।

केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री ने कहा कि आज 2024 के लोकसभा चुनाव के चौथे चरण का प्रचार समाप्त हो रहा है। **देश में अब तक तीन चरणों का चुनाव हो चुका है। तीन चरणों में भारतीय जनता पार्टी के नेतृत्व में एनडीए 200 सीटों के आंकड़े के करीब पहुंच चुका है। चौथा चरण एनडीए के लिए बहुत ही अनुकूल है। भाजपा और एनडीए को लोकसभा चुनाव के तीनों चरणों से अधिक सफलता चौथे चरण में मिलने वाली है और एनडीए 400 पार की ओर आगे बढ़ रहा है।** चौथे चरण में आंध्र प्रदेश और तेलंगाना में भी मतदान होने हैं और दोनों ही राज्यों में एनडीए और भाजपा क्लीन स्वीप करने वाली है। 4 जून के लोकसभा चुनाव परिणाम में भारतीय जनता पार्टी कर्नाटक, आंध्र प्रदेश, तेलंगाना, तमिलनाडु और केरल में सबसे बड़ा दल बनकर उभरेगी और इन राज्यों में सबसे ज़्यादा सीटें भाजपा को मिलेगी। **तेलंगाना में 13 सीटों पर भाजपा की स्थिति बहुत अच्छी है और भाजपा लगभग 10 से अधिक सीटों पर विजय प्राप्त करेगी।**

श्री शाह ने कहा कि पूरे देश के सामने अब तक किए गए प्रचार में मुद्दे सेट हो चुके हैं। एक ओर इंडी गठबंधन है और दूसरी ओर भाजपा के नेतृत्व में एनडीए है। कांग्रेस और उसके सहयोगी लोगों पर ₹12 लाख करोड़ के भ्रष्टाचार और घोटाले के आरोप हैं। दूसरी ओर, 23 साल तक मुख्यमंत्री और प्रधानमंत्री पद पर रहे श्री नरेन्द्र मोदी जी हैं, जिन पर 25 पैसे का भी आरोप नहीं है। एक ओर तापमान बढ़ते ही थाईलैंड और बैंकाक जाकर छुट्टी मनाने वाले नेता हैं। वहीं, दूसरी ओर माननीय प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी हैं, जो दीवाली के दिन भी छुट्टी नहीं लेते, बल्कि सीमाओं पर देश की सुरक्षा करने वाले सैनिकों के साथ दीवाली मनाते हैं। यशस्वी प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के पास 10 वर्षों का विकास का ट्रैक रिकॉर्ड और आगामी 25 वर्षों के लिए एक दृष्टिकोण है। माननीय प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी ने 10 वर्ष के

भीतर ही लगभग 70 वर्षों तक के विकास और कल्याण कार्य को पूर्ण किया है। आदरणीय प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी के कार्यकाल में गरीबों के लिए विकास पर ध्यान दिया, राष्ट्रीय सुरक्षा सुनिश्चित की, आतंकवाद और नक्सलवाद पर प्रहार किया और देश की आर्थिक स्थिति को विश्व में 11वें स्थान से 5वें स्थान तक पहुँचाया। इसके अतिरिक्त, उनके नेतृत्व ने डिजिटल इंडिया जैसे पहल को वैश्विक रूप से विस्तारित किया और बैंकों की डिजिटलीकरण और आधुनिकीकरण भी किया गया है। **एक ओर हर क्षेत्र में सफलता प्राप्त करने वाला और देश को आगे बढ़ाने वाला माननीय प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी का नेतृत्व है और दूसरी ओर 20 बार लॉन्च करने के बावजूद भी असफल राहुल यान है और अब वे इसे 21वीं बार लॉन्च करने कर प्रयास किया जा रहा है। एक तरफ गरीब चाय बेचने वाले के घर में पैदा हुए माननीय प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी हैं, जिन्होंने गरीबों, पिछड़ों, दलितों और आदिवासियों के उत्थान के लिए काम किया है। दूसरी तरफ चांदी की चम्मच के साथ पैदा हुए कांग्रेस नेता राहुल गांधी हैं, जो परिवारवाद की राजनीति के साथ आगे बढ़ रहे है।**

केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री ने कहा कि **जनता ने 400 से अधिक सीटों के साथ आदरणीय श्री नरेन्द्र मोदी को तीसरी बार प्रधानमंत्री बनाने का निर्णय कर लिया है।** जब तेलंगाना को अलग राज्य घोषित किया गया, तब तेलंगाना रेवेन्यू सरप्लस राज्य था। लेकिन आज तेलंगाना पर लाखों करोड़ों रुपए का ऋण है और हर साल तेलंगाना को 80 हज़ार करोड़ रुपए का खर्च ऋण चुकाने के लिए करना पड़ रहा है। बीआरएस और कांग्रेस की सरकारों ने तेलंगाना के विकास को पटरी से उतारने का काम किया है। आदरणीय प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी ने इन 10 वर्षों में तेलंगाना के विकास के लिए बहुत कार्य किए हैं। 2014-15 में संयुक्त आंध्र प्रदेश को 15 हजार करोड़ का अनुदान मिलता था, आज यह बढ़कर लगभग 63 हजार करोड़ रुपए हो गया है, अर्थात मोदी सरकार ने अनुदान राशि में 4 गुना तक की वृद्धि करने का काम किया है। भाजपा सरकार ने तेलंगाना में सड़क निर्माण के लिए 1 लाख 65 हजार करोड़ रुपए, रेलवे के विकास के लिए 32 हजार करोड़ रुपए और एयरपोर्ट के उत्थान के लिए 7 हजार करोड़ रुपए आवंटित किए हैं। आज़ादी के बाद, एक दशक कभी भी तेलंगाना को इतना फंड नहीं मिला, जितना मोदी सरकार ने दिया है। इसके अलावा, मोदी सरकार ने 900 करोड़ के लागत से सम्मक्का-सरक्का केंद्रीय जनजातीय विश्वविद्यालय का निर्माण किया, राष्ट्रीय हल्दी बोर्ड बनाने का काम किया और 6,300 करोड़ से रामागुंडम फर्टिलाइजर और केमिकल लिमिटेड को फिर से शुरू करने की घोषणा की है।

श्री शाह ने विपक्षी पार्टी पर तंज कसते हुए कहा **बीआरएस और कांग्रेस पार्टी वोट बैंक की राजनीति और भ्रष्टाचार में आकंठ डूबी हुई है। परिवारवाद, भ्रष्टाचार, बुरी शासन प्रणाली और असंतोषवाद, इन चारों नासूरों ने तेलंगाना की जनता को बहुत परेशान किया है।** तेलंगाना की जनता इस बार भाजपा को प्रचंड बहुमत के साथ, आदरणीय प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी के समर्थन में ज्यादा से ज्यादा सांसदों को चुनकर भेजेगी। **बीआरएस और कांग्रेस की सरकार का स्टीयरिंग व्हील हमेशा ओवैसी के हाथों में रही है। इन दोनों पार्टियों ने अपनी तुष्टिकरण की थ्योरी को आगे बढ़ाते हुए सरकार चलाने का ठेका, मजलिस को आउटसोर्स किया हुआ है।** ये लोग सीएए का विरोध, अनुच्छेद 370 हटाने का विरोध, सर्जिकल स्ट्राइक पर प्रश्न खड़े करते हैं तथा पीएफआई और रोहिंग्या को देश में घुसपैठ का समर्थन करते हैं। **इन लोगों ने हैदराबाद मुक्ति संग्राम दिवन मनाने की परंपरा को बंद किया, राम नवमी पर भद्राचलम को पवित्र वस्त्र भेंट करने की परंपरा भी रोक लगाई है। कांग्रेस ने तेलंगाना में 4% मुस्लिम आरक्षण को प्रस्तावित किया है। 4% मुस्लिम आरक्षण सीधे तौर पर एससी, एसटी, ओबीसी के आरक्षण पर डाका डालने के समान है। तेलंगाना में जब भी भाजपा की सरकार बनेगी, तब मुस्लिम आरक्षण समाप्त किया जाएगा।**

केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री ने कहा कि **तेलंगाना विधानसभा चुनाव में कांग्रेस ने कहा था कि कांग्रेस नेता सोनिया गांधी के जन्मदिन पर किसानों का 2 लाख रुपए तक का कर्ज माफ किया जाएगा, मगर यह नहीं बताया था कि किस जन्मदिन पर कर्ज माफ करेंगे।** कांग्रेस ने किसानों को हर वर्ष 15 हजार रुपए, खेतिहर मजदूर को हर वर्ष 12 हजार रुपए, चावल और गेहूं की खरीद पर 500 रुपए बोनस, विद्यार्थियों को 5 लाख रुपए तक का बिना गारंटी का ऋण, छात्राओं को निशुल्क स्कूटी और हर तहसील में अंतरराष्ट्रीय विद्यालय बनाने के वादे में से अब तक एक भी पूरा नहीं किया। कांग्रेस ने केवल एक ही वादा पूरा किया, जो उन्होंने अपने शीर्ष नेताओं को किया था कि

पूरे देश में चुनाव लड़ने का फंड तेलंगाना से भेजा जाएगा। रेवंत रेड्डी ने तेलंगाना को कांग्रेस का एटीएम बनाने का काम किया है। **कांग्रेस वोटबैंक की तुष्टिकरण की राजनीति के चलते इस कगार पर पहुंच गई है कि कांग्रेस और उनके नेता मणिशंकर अय्यर और फरुख अब्दुल्लाह पाकिस्तान के पास परमाणु बम है, ऐसा बोल कर पाकिस्तान अधिकृत कश्मीर को ताक पर रखने की बात कर रहे हैं।** भाजपा इस बात पर कांग्रेस की घोर निंदा करती है। भारतीय जनता पार्टी मानना है कि भारत कभी भी पाकिस्तान अधिकृत कश्मीर पर से अपना अधिकार खत्म नहीं होने देगा। पाकिस्तान अधिकृत कश्मीर भारत का हिस्सा है।

श्री शाह ने कहा कि **कांग्रेस झूठ फैलाकर राजनीति कर रही है, कांग्रेस का कहना है कि अगर आदरणीय प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जी को 400 से ज्यादा सीटें मिली, तो भाजपा आरक्षण को समाप्त कर देगी।** लेकिन **पिछले 10 वर्षों से भाजपा के पास पूर्ण बहुमत है, भाजपा ने कभी भी आरक्षण को खत्म करने की बात नहीं की।** भाजपा ने पूर्ण बहुमत का प्रयोग धारा 370 को समाप्त करने के लिए, यूसीसी लाने के लिए, तीन तलाक को खत्म करने के लिए और राम मंदिर बनाने के लिए किया है। **कांग्रेस ने मेरी वीडियो के साथ छेड़छाड़ कर, जनता को गुमराह करने का पाप भी किया। कांग्रेस का कहना है सत्ता में आने के बाद 370 को वापस लाएगी, तीन तलाक फिर से लागू करेंगे और मुस्लिम पर्सनल लॉ को प्रस्तावित करेंगे। एक तरफ माननीय प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी विकास के मामले में 75 वर्षों के सभी रिकार्ड तोड़कर एक ऐसे प्रधानमंत्री बन कर उभरे हैं, जिन्होंने देश की जनता के सामने आजादी की शताब्दी तक भारत पूर्ण विकसित देश बनाने का और हर क्षेत्र में भारत को प्रथम पायदान तक पहुंचाने का लक्ष्य रखा है। दूसरी तरफ तुष्टीकरण, परिवारवाद और भ्रष्टाचार से घिरा हुआ इंडी गठबंधन है।** देश की जनता यह मानती है कि यशस्वी प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी के नेतृत्व में ही इस देश का भविष्य सुरक्षित है। श्री शाह ने तेलंगाना में भाजपा के सभी प्रत्याशियों को विजयी बनाकर, एक बार पुनः मोदी सरकार बनाने की अपील की।

**********************